HD-01

June - Examination 2026
B.A. (Part-I) Examination
हिन्दी साहित्य
हिन्दी पद्य भाग–I (प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य)
Paper : HD-01

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **70***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) कवि चंदवरदाई किस राजा के राज कवि थे?

(ii) कबीरदास के दीक्षा गुरु का क्या नाम था?

(iii) सांभर में 'अलख दरीबा' की स्थापना किस निर्गुण संत ने की थी?

(iv) तुलसीदास ने किस भाव की भक्ति की है?

(v) ऊधो, मन नाहीं दस–बीस।

एक हु तो सो गयो स्याम संग, को आराधै ईस।।

उक्त पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

(vi) 'कविप्रिया' और 'रसिकप्रिया' के रचनाकार कवि कौन है?

(vii) वीर रस का स्थायी भाव का नाम लिखिए।

खण्ड–'ब' **4×7=28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **7** अंक का है।

2. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

लाली मेरे लाल की, जित देखूँ तित लाल।

लाली देखन मैं गयी, मैं भी हो गयी लाल।।

माटी कहे कुमार से, तू क्या रौंदे मोय।

इक दिन ऐसा आवेगा, मैं रौदूंगी तोय।।

3. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

मोरपखा सिर कानन कुंडल कुंतल सों छबि गंउनि छाई।

बंक बिसाल रसाल विलोचन हैं दुखमोचन मोहन माई।।

आली नवीन महा घन सो तन पीट घटा ज्यौं पआ बनि आई।

हौं रसखानि जकी सी रही कछु टोना चलाई ठगौरी सी लाई।

4. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

अरूण गात अति प्रात पद्मिनी प्राननाथमय।

मानहूँ 'केशवदास' कोकनद कोकप्रेम मय परिपूरन सिंदुरपूर कैंधों मंगलघट।

किधौं सक्र को छत्र मंड्यो मानिकमयूष पट

कै श्रोनितकलित कपाल यह किल कापालिक काल को।

यह ललित लाल कैंधो लसत दिगभामिनी के भाल को।।

5. नाथ काव्य धारा पर टिप्पणी लिखिए।

6. भक्तिकालीन साहित्य की परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

7. सूफी काव्य धारा की विशेषताएं बताइए।

8. मीरा की भक्ति भावना का उल्लेख कीजिए।

9. कबीर के काव्य की विशेषताओं का चित्रण कीजिए।

खण्ड–'स' **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **14** अंक का है।

10. तुलसीदास के काव्य के भाव पक्ष और अभिव्यंजना शिल्प का विवेचन कीजिए।

11. रहीम के काव्य की विशेषताओं का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

12. रीतिमुक्त स्वच्छन्द काव्य धारा में घनानन्द के स्थान का मूल्यांकन कीजिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी कीजिए –

(क) रस के अवयव

(ख) काव्य में अलंकार का महत्व

(ग) छन्द की परिभाषा एवं भेद

(घ) शब्द शक्ति
